प्रेस नोट थाना कैंट जनपद गोरखपुर दिनांक 03.01.2025

उ0प्र0 आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा-2023 के दस्तावेज सत्यापन के दौरान कूटरचित दस्तावेजों का प्रयोग करने के आरोप में 01 नफर अभ्यर्थी/अभियुक्त गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा जनपद में संचालित हो रहे उ0प्र0 आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा-2023 को सुचारु रुप से सम्पन्न कराये जाने के संबंध में दिये गये निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक अपराध व पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में व क्षेत्राधिकारी कैंट/लाईन्स के पर्यवेक्षण में पर्यवेक्षक उ0नि0 प्रमोद कुमार राय मय पुलिस टीम द्वारा दिनांक 02.01.2025 को डीवी/पीएसटी सेंटर पुलिस लाईन जनपद गोरखपुर में दस्तावेज सत्यापन के दौरान अभ्यर्थी कुश कुमार पुत्र विन्ध्यांचल मौआर निवासी हरदिया पोस्ट बहरुआ, भोजपुर, बिहार के दस्तावेज कूटरचित पाये गये। जिसके आधार पर अभ्यर्थी/अभियुक्त के विरुद्ध थाना कैंट पर मु0अ0सं0 02/2025 धारा 319(2),318(4),338,336(3), 340(2) भा0न्या0सं0 पंजीकृत किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार कर, अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 02.01.2025 को अभ्यर्थी/अभियुक्त उपरोक्त द्वारा उ0प्र0 आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती-2023 में डीवी/पीएसटी के दौरान अपना ड्राइविंग लाइसेंस व वोटर आईडी कार्ड प्रस्तुत किया गया था जिसमें जन्मतिथि 23.03.2005 अंकित थी। दस्तावेज सत्यापन हेतु अभ्यर्थी/अभियुक्त का आधार कार्ड माँगा गया, जिसमें अभ्यर्थी/अभियुक्त की जन्मतिथि 20.02.1993 अंकित थी। जो कि निर्धारित आयु सीमा से अधिक थी। पूछताछ के क्रम में अभियुक्त द्वारा बताया कि उसकी जन्मतिथि 20.02.1993 है, जिसे छिपाने के लिए उसने जानबूझकर अपनी असली जानकारी नहीं दी और कूटरचित दस्तावेज़ (जन्मतिथि और नाम बदलकर) प्रस्तुत किये गये।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

कुश कुमार पुत्र विन्ध्यांचल मौआर निवासी हरदिया पोस्ट बहरुआ, भोजपुर राज्य बिहार

गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 02/2025 धारा 319(2),318(4),338,336(3),340(2) भा0न्या0सं0 थाना कैंट जनपद गोरखपुर

बरामदगी-

प्रवेश पत्र की छाया प्रति, 02 अदद एटीएम कार्ड,01 अदद ड्राइविंग लाइसेंस,01 अदद निर्वाचन कार्ड

<u>गिरफ्तारी की टीम-</u>

1. उ0नि0 प्रमोद कुमार राय पुलिस लाईन जनपद गोरखपुर
2. उ0नि0 अंकुर कुमार पुलिस लाईन जनपद गोरखपुर